## सार-समाचार

### कार्यशाला का आयोजन

**तारानगर** (निसं)। तारानगर के वर्षा कंदोई गेस्ट हाउस में भाजपा का आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान की विधानसभा स्तरीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। शहर मंडल अध्यक्ष अनूप खंडेलवाल ने स्वदेशी अपनाने की शपथ दिलाई। सम्मेलन में मुख्य अतिथि, अभियान प्रदेश प्रभारी एंव भाजपा प्रदेश महामंत्री संतोष अहलावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत का संकल्प केवल एक नारा नहीं, बल्कि नए भारत के निर्माण की दिशा में जन-जन का अभियान है। हर व्यक्ति हर संगठन और हर विचार जब स्वदेशी की भावना से जुड़ता है, तब भारत की शक्ति और सामर्थ्य अनेक गुना बढ जाती है। लोकसभा प्रत्याशी देवेन्द्र झाझड़िया ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का लक्ष्य केवल एक सरकारी योजना नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण का अभियान है जिसमें प्रत्येक नागरिक की भागीदारी आवश्यक है उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान का उद्देश्य स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना, कौशल विकास को प्रोत्साहित करना और गांव-गांव में रोजगार के अवसर पैदा करना है।जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा ने कहा कि संगठन के प्रत्येक कार्यकर्ता का दायित्व है कि सरकार योजनाओं की जानकारी गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाएं ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति को भी इनका लाभ मिल सके। यूथ हॉस्टल एसोसिएशन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पराक्रम सिंह राठौड़ ने संबोधित करते हुए कहा कि आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान देश को स्वदेशी अपनाने और देश में बनी वस्तुओं का पूर्णत: उपयोग में लेने का सशक्त माध्यम है, आज देश जिस प्रकार आत्मनिर्भर बन रहा है वो स्वदेशी के कारण ही सम्भव हो रहा है। पूर्व विधानसभा प्रत्याशी एवं भाजपा नेता राकेश जांगिड ने संबोधित करते हुए कहा कि हमारा देश आज़ादी से पहले सोने की चिडिया कहलाता था क्योंकि भारत के लोग भारत में बनी वस्तुएं काम में लेते थे जबकि आज हम विदेशी वस्तुओं पर निर्भर हो गये हैं लेकिन 2014 के बाद जब से नरेन्द्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने हैं स्वदेशी अपनाने की मुहिम तीव्र हुई है।

### आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान आयोजित

**नोहर,** (निसं)। आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत नोहर विधानसभा सम्मेलन का आयोजन यहां अग्रसेन भवन में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक अभिषेक मटोरिया ने की। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष प्रमोद डेलू मौजूद रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों की चर्चा करते हुए उनको जन-जन तक पहुंचाने की बात कही। वक्ताओं ने कहा कि केंद्र और प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियांवान कर रही है। इसके साथ ही वोकल फ़ॉर लोकल को बढ़ावा देते हुए आत्मनिर्भर भारत बनाने की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ-साथ आमजन को इस संबंध में जागरूक करने की अपील की। कार्यक्रम में भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अभिषेक पारीक, कार्यक्रम संयोजक बसंत तिवारी, सहसंयोजक विनोद जाखड़, भाजपा जिला महामंत्री नंदलाल वर्मा, रावतसर पंचायत समिति प्रधान प्रतिनिधि धर्मपाल सियाग, रामकृष्ण भाकर, देहात मंडल अध्यक्ष राकेश पुनिया, पूनम हिसारिया, सरपंच प्रतिनिधि कल्याण सिंह, भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक विनोद गोल्याण आदि मौजूद रहे।

### नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर आयोजित

**रतनगढ़** (निसं)। रतनगढ़ माहेश्वरी सभा ट्रस्ट, शंकरा आई हॉस्पिटल व जिला अंधता निवारण समिति, जयपुर व स्व. गोपाललाल एवं स्व. श्रे कँवर मोहता की स्मृति में 32 नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच व नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन बुधवार को माहेश्वरी भवन में हुआ। ट्रस्टी व शिविर प्रभारी नरेंद्र झंवर ने बताया कि शिविर में 92मरीजों की मोतियाबिंद जांच कर 46 मरीजों का चयन नेत्र लैंस प्रत्यारोपण के लिए किया गया। चयनित रोगियों को ऑपरेशन के लिए जयपुर ले जाया गया। वहां उनका ऑपरेशन गुरुवार को आधुनिक तकनीक द्वारा बिना टांके का किया जाएगा। शिविर शुरू होने से पूर्व भगवान शंकर की प्रतिमा के आगे भामाशाह रमेश चन्द्र तापडिया, मधु तापडिया, श्वेता तापडिया व डॉ. दीप शिखा ने दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। रामोतार चांडक व एडवोकेट रजनीकांत सोनी ने आगंतुक अतिथियों का स्वागत व अभिनंदन किया। शिविर में शकरा आई हॉस्पिटल की टीम, माहेश्वरी समाज के राकेश जाजू,रामकिशन चांडक, महेश जाजू, नरेश पेडीवाल,मंजू लढा, सरिता चांडक,सुनीता झंवर,जयश्री जाजू, कम्मा, महावीर रामगढिया, श्याम सुंदर बंशीवाल अनेक गणमान्य व्यक्ति व सैकड़ों मरीज उपस्थित थे।

### बच्चों को साफ-सफाई का महत्व बताया

**रतनगढ़** (निसं)। आरयूआईडीपी के अधिक्षण अभियन्ता राकेश शरण गर्ग के निर्देशन में व सहायक अभियन्ता सुरेन्द्र पाल सिंह के मार्गदर्शन में वार्ड नं. 44 के श्री अजीतसरिया गायत्री आदर्श विधा मन्दिर माध्यमिक विद्यालय में स्कूल जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस इस कार्यक्रम में जन सहभागिता इकाई के प्रवीण सिंह राठौड व छोटू सैनी ने सीवरेज व ड्रेनेज परियोजना के लाभ के बारे में जानकारी देते हुए बच्चों को व्यक्तिगत स्वच्छता व घरेलू स्वच्छता के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई बच्चों को प्रतिदिन दिनचर्या में स्नान करना, नाखून काटना व हाथ धोने के तरीके के बारे में बताया गया तथा घर से लेकर आस -पास के गलियों में बच्चों का साफ-सफाई के योगदान पर प्रकाश डाला गया जिसमें बताया गया की घर का कच्चरा, कच्चरे वाली गाडी में डालना चाहिए किसी प्रकार का छिलका व प्लास्टिक की थैली सडक पर नहीं डालनी चाहिए हम सबको सार्वजनिक स्थानों पर लगाये गये डस्टबिन का प्रयोग करना चाहिए रतनगढ़ शहर को साफ, स्वच्छ ओर सुन्दर बनाने के लिए सभी के योगदान की आवश्यकता है कार्यक्रम में विधालय के शिक्षक, कृष्ण मोहन, लक्ष्मीकांत, शिक्षका पुष्पा स्वामी , ममता शर्मा ने भाग लिया गोपालजी स्वामी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**तारानगर** (निसं)। तारानगर उपखंड अधिकारी राजेंद्र कुमार की अध्यक्षता में तारानगर के राजकीय मां जालपा देवी महाविद्यालय बुधवार को विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बूथ लेवल एजेंट व बूथ लेवल ऑफिसर को निर्वाचन कार्यों के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में विशेष रूप से मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया, पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने, हटाने एवं संशोधन की प्रक्रियाओं पर विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकारियों ने उपस्थित प्रतिभागियों से मतदाता सूची की शुद्धता सुनिश्चित करने हेतु सक्रिय सहयोग का आग्रह किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान तहसीलदार हनुमानसिँह, चुनाव शाखा प्रभारी भागचंद किरोडीवाल, मास्टर ट्रेनर ओम प्रकाश, सुनील कुमार, मनोज स्वामी, मदनलाल स्वामी सहित ब्लॉक के अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### अवैध ब्रेकरों के विरोध में ज्ञापन दिया

**तारानगर** (निसं)। तारानगर से चूरू सड़क पर अवैध रूप से बनाये गए ब्रेकरों के विरोध में युवादल के सदस्यों ने उपखंड कार्यालय में ज्ञापन दिया। युवादलके सरंक्षक मुकेश फगेडिया ने बताया कि तारानगर से चूरू रोड पर ब्रेकर जो आवश्यकता से ज्यादा है उनको कम किया जाए हाइवे रोड पर इतने ब्रेकर लगाना जो नियमों के विरुद्ध है अगर तारानगर से कोई दुर्घटना या डिलीवरी केस हम चूरू ले जाते है तो इन ब्रेकर के कारण हम उचित समय पर नहीं पहुंच पाते है हाइवे रोड़ पर अगर कोई अस्पताल या स्कूल है तो ही ब्रेकर लगा सकते है जबकि इस रोड पर टूल टैक्स भी लगता है फगेडिया ने बताया कि उपखण्ड प्रशासन से आश्वाशन मिला है कि हम इसकी जांच करेंगे और इस मैटर को जिला कलेक्टर को भी अवगत कराएंगे।

### ऑनलाईन प्रशिक्षण कार्यक्रम कल

**सीकर** (निसं)। अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने बताया कि राज्य में अन्य पिछड़ा वर्ग के पिछड़ेपन की प्रकृति एवं निहितार्थों की जांच के लिए पिछड़े वर्ग से संबंधित जातियों के परिवारों का गहन एवं व्यापक सर्वे करवाये जाने के संबंध में प्रारम्भिक तैयारियों के संबंध में निर्देश जारी किये गये है। उन्होंने बताया कि 31 अक्टूबर 2025 को दोपहर 2 बजे से सायं 4 बजे तक ऑनलाईन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जावेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला स्तरीय एवं उपखण्ड स्तरीय नोडल अधिकारियों, सहायक नोडल अधिकारियों एवं सन्दर्भ अधिकारी,कर्मचारी द्वारा भाग लिया जायेगा।

### रक्तदान शिविर का आयोजन

**सीकर** (निसं)। पंजाब नेशनल बैंक द्वारा सीएचसी, गोविंदगढ़ , चौमू में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान रक्तदान शिविर का आयोजन बुधवार को किया गया। शिविर में स्टाफ सदस्यों व ग्राहकों द्वारा बढ़-चढ़कर सहभागिता की गई तथा उनके द्वारा 38 यूनिट रक्त दान किया गया। इस अवसर पर मंडल कार्यालय से उप मंडल प्रमुख विमल कुमार शर्मा, मनीष गुप्ता, शाखा प्रमुख विद्याधर भूपेश, राकेश यादव एवं अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

# सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर अनेक कार्यक्रम होंगे, पोस्टर का विमोचन किया

**चूरू** (निसं)। सूचना केंद्र में मेरा युवा भारत की ओर से लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर बुधवार को प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती पर 6 अक्टूबर 2025 को मंत्रालय ने सरदार 150 यूनिटी मार्च की शुरुआत की।

शर्मा ने बताया कि नवंबर 2025 के द्वितीय सप्ताह में एकता मार्च का आयोजन किया जाएगा। ये मार्च इंद्रमणि पार्क से प्रारंभ होकर गढ़ चौराहा, सुभाष चौक होते हुए बागला खेल मैदान जायेगा। यह भारत सरकार और माय भारत की पहल है, जो लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती को समर्पित है। इस राष्ट्र व्यापी कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में एकता, देशभक्ति और कर्तव्य भावना को जागृत करना है।

सरदार पटेल ने जिस तरह बिखरे हुए भारत को एक भारत बनाया, उसी भावना को यह पदयात्रा आगे बढ़ाएगी। इस अभियान के जरिए युवाओं को एक भारत और आत्मनिर्भर भारत के आदर्श अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इस दौरान जिला युवा अधिकारी मधु यादव ने कहा कि युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के स्टेट कैबिनेट मंत्री, सांसद, स्थानीय प्रशासन, माय भारत, एन.एस.एस, एन.सी.सी. व अन्य सभी युवा संस्थाओं के सहयोग से विकसित भारत पदयात्राएं आयोजित की जा रही हैं।

इस पहल का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय गौरव जगाना, समाज के प्रति जिम्मेदारी बढ़ाना और एकता की भावना को मजबूत करना है। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री के जन भागीदारी से राष्ट्र निर्माण के विजन से प्रेरित है। इसमें युवा से लेकर वरिष्ठ नागरिक तक, सभी मिलकर देश के इतिहास को याद करते हुए राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभायेंगे। अभियान संयोजक सुशील लाटा ने बताया कि डिजिटल चरण की शुरुआत 6 अक्टूबर को केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने प्रेस कांफ्रेंस कर, सम्पूर्ण राष्ट्र में इस अभियान का डिजिटल शुभारंभ किया। 18 अक्टूबर 2025 को राज्य स्तर की प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से राजस्थान में इस महत्तवपूर्ण अभियान का शुभारम्भ किया जा चुका है। 10 अक्टूबर से 2 नवम्बर 2025 तक निबंध प्रतियोगिता हो रही है, जिसमें 15 से 29 वर्ष के युवा माय भारत पोर्टल के माध्यम से भाग लेंगे। इसका विषय राष्ट्रीय एकता, नागरिक जिम्मेदारी और सरदार पटेल से संबंधित होंगे। राष्ट्रीय विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। राष्ट्रीय रील प्रतियोगिता में 10 अक्टूबर से 2 नवम्बर 2025 के दौरान 15 से 29 वर्ष के युवा माय भारत पोर्टल के माध्यम से भाग लेंगे। युवाओं को 20-30 सेकंड के देशभक्ति वीडियो पोर्टल पर अपलोड करने होंगे। रचनात्मक संदेश एकता, सेवा और राष्ट्र निर्माण जैसे विषयों पर होने चाहिए। शीर्ष 10 विजेताओं को राष्ट्रीय कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा।

ऑनलाइन क्विज एकल, नागरिक कर्तव्यों और राष्ट्रीय विषयों पर आधारित होंगी। इसमें रियल टाइम लीडरबोर्ड, प्रमाण पत्र और डैशबोर्ड इनसाइट्स की सुविधा होगी। इसकी जानकारी प्रतिभागी माय भारत पोर्टल पर प्राप्त कर सकते हैं। अभियान सहसंयोजक सूर्य प्रकाश ढ़ाका ने कहा कि यह श्रृंखला माय भारत पोर्टल के माध्यम से जारी की जाएगी।

देशभक्ति और जागरूकता जगाने के लिए पदयात्रा के दौरान सार्वजनिक श्रवण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन सभी कार्यक्रमों के दौरान माय भारत पोर्टल पर पंजीकरण कियोस्क या क्यूआर कोड के माध्यम से युवाओं का पंजीकरण माय भारत पोर्टल पर किया जायेगा। साथ ही सोशल मीडिया इन्फ्लुएन्सर्स एवं यूथ आइकॉन्स युवाओं को इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने हेतु प्रेरित किया जायेगा।

जिला उपाध्यक्ष भास्कर शर्मा ने बताया कि राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के स्टेट कैबिनेट मंत्री, सांसद व सभी युवा संस्थाओं के सहयोग से आयोजित इन यात्राओं का नेतृत्व करेंगे। 150 किमी की राष्ट्रीय पदयात्रा नवंबर के प्रथम सप्ताह में निकाली जाएगी। पदयात्रा के रास्ते के सभी गाँवों में सामाजिक विकास के कार्यक्रम होंगे। यात्रा के जीवन पर विकसित भारत की प्रदर्शनी और भारत की विविध संस्कृति का उत्सव मनाया जाएगा। हर शाम सरदार गाथा होगी, जिसमें पटेल के जीवन और योगदान की कहानियाँ सुनाई जाएगी। माय भारत कार्यालय के नेमीचंद जांगिड़ ने पदयात्रा के चरण सम्बन्धी जानकारी दी। जिला स्तरीय पदयात्राएं 31 से 25 नवंबर 2025 तक संसदीय क्षेत्रों में 8-10 किमी लंबी पदयात्रा होगी। इस दौरान यात्रा के पोस्टर का विमोचन भी किया गया। पदयात्रा से पहले स्थानीय लोगों में माहौल बनाने के लिए स्कूल, कॉलेजों में अलग-अलग प्री ईवेंट गतिविधियां, जैसे निबंध प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता, सरदार पटेल के जीवन पर संगोष्ठी नुक्कड़ नाटक आदि का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान योग एवं हेल्थ शिविरों के साथ क्षेत्र में स्वच्छता अभियान का भी आयोजन होगा। पदयात्रा के दौरान सरदार पटेल की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि, आत्मनिर्भर भारत शपथ, सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रमाणपत्र वितरण होगा। प्रेस वार्ता के अंत में नीरज जांगिड ने सभी का आभार व धन्यवाद व्यक्त किया। इस मौके पर रवि प्रकाश, राजीव शर्मा, शंकर लाल, कमल कुमार, हितेश सोनी, पुनीत कुमार, अजय कुमार सहित पत्रकार बंधु उपस्थित थे।

## संस्था प्रधान निलंबित, पोषण प्रभारी को चार्जशीट

**रतनगढ** (निसं)। निकटवर्ती राजलदेसर और सांगासर क्षेत्र में शिक्षा निदेशक सीताराम जाट ने मंगलवार को आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालयों में मौखिक प्रवाह पठन (ओआरएफ) गतिविधियों का सूक्ष्म निरीक्षण किया और सुधार हेतु निर्देश दिए। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राजलदेसर में संस्था प्रधान अन्नू खेडीवाल द्वारा विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन कराया गया। सुप्रीम फाउंडेशन जसवन्तगढ़ द्वारा शिक्षा क्षेत्र में स्वंयसेवी शिक्षकों की उपलब्धता पर निदेशक ने प्रसन्नता जताई और संस्था के चीफ को-ऑर्डिनेटर श्याम बाबू शर्मा के परोपकारी कार्यों के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।शिक्षा निदेशक सीताराम जाट ने इन सत्कार्यों को आगे बढ़ाने का आव्हान करते हुए कहा कि शिक्षा व्यवस्था में जनसहयोग से ही गुणात्मक सुधार संभव है। इसके बाद सांगासर में भी विद्यालय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पोषण आहार वितरण में अनियमितताएं मिलने पर पोषण प्रभारी को नियम 17 के तहत चार्जशीट जारी करने के निर्देश दिए गए। वहीं संस्था प्रधान को पर्यवेक्षणीय लापरवाही एवं विद्यालय कार्यों में गंभीर लापरवाही बरतने पर निलंबित करने के निर्देश जारी किए गए। इस निरीक्षण में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी गोविंद सिंह राठौड और मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार व्यास भी उपस्थित रहे।

## 'प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत बन रहा आत्मनिर्भर'

**सीकर,** (निसं)। आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत विधानसभा सीकर का सम्मेलन बुधवार को बजाज रोड स्थित जैन भवन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाडी ने उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित किया। सम्मेलन की अध्यक्षता पूर्व विधायक रतनलाल जलधारी ने की। सम्मेलन में आत्मनिर्भर भारत अभियान के जिला संयोजक अनिल धींवा, पिपराली प्रधान बनारसी देवी, जिला उपाध्यक्ष रमेश जलधारी, नेमीचंद कुमावत, जितेंद्र सिंह कारंगा, जिला महामंत्री राजेश रोलन, मंत्री प्रभुसिंह, महिला मोर्चा अध्यक्ष अनीता शर्मा, मंडल अध्यक्ष इंद्रचंद शर्मा, प्रदीप अग्रवाल, जयप्रकाश सैनी, श्रवण मूंड, गुलाब धींवा, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष सुरेश सैनी आदि मंचस्थ रहे।

राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केंद्र सरकार ऐसी नीतियाँ और योजनाएं लागू कर रही है, जिनका उद्देश्य देश को हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने कहा कि भारत आज आर्थिक, तकनीकी, रक्षा और औद्योगिक क्षेत्रों में तेजी से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है और इस अभियान का मुख्य आधार है स्वदेशी और राष्ट्रप्रथम की भावना।

पूर्व विधायक रतनलाल जलधारी ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत केवल एक नारा नहीं बल्कि एक बड़ा राष्ट्रीय आंदोलन है, जिसका उद्देश्य देश के आर्थिक और सामाजिक सामथ्र्य को जागृत करना है। उन्होंने कहा कि इस अभियान की मूल भावना भारत की जड़ों, कौशल और स्थानीय उत्पादन को मजबूत करना है।

भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार यह स्पष्ट कर चुके हैं कि आने वाला समय भारत का समय है। कहा कि भारत अपनी शक्ति, परिश्रम और स्वदेशी उत्पादों के बल पर विश्व मंच पर और अधिक सशक्त होकर उभर रहा है।

उन्होंने स्थानीय उद्यमों को बढ़ावा देने और युवा उद्यिमता को प्रोत्साहित करने पर भी जोर दिया। सम्मेलन में पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने भी संबोधित किया। सम्मेलन में कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को जन-जन तक पहुँचाने एवं स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने का संकल्प लिया।

## 'विद्यार्थियों के साथ-साथ अध्यापकों को भी पुस्तकें पढ़नी चाहिये ताकि वे शिक्षण को और अधिक रूचिकर बना सके'

**चूरू** (निसं)। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट में पुस्तकालय में उपलब्ध साहित्य पर संवाद आधारित दो दिवसीय प्रशिक्षण का समापन बुधवार को प्राचार्य गोविन्द सिंह राठौड की अध्यक्षता में हुआ। इस दौरान प्राचार्य राठौड ने कहा कि पुस्तकालय में नये-नये नवाचार किए जाए।

विद्यार्थियो के साथ-साथ अध्यापकों को भी पुस्तक पढने में समय निकालना चाहिए, जिससे अध्यापन को और अधिक रोचक बनाया जा सकता है। राठौड ने महान पुरुष विवेकानंद की जीवनी की संक्षिप्त जानकारी दी। डब्ल्यू ई प्रभागाध्यक्ष उमा सारस्वत ने बताया कि पुस्तकों से हमारी बौद्धिक और मानसिक क्षमता बढ़ती है और अतीत का अध्ययन करने में मदद करती हैं। विद्यालय में बाल साहित्य चित्र पुस्तकों से बालकों के पठन में रुचि जागृत की जा सकती है। संदर्भ व्यक्ति अमरसिंह ने बताया कि पुस्तकालय को जीवंत बनाए रखने के लिए बच्चों की पुस्तकों व साहित्य के प्रति रुचि बढानी है।

टाटा ट्रस्ट के विद्वान साथी महेंद्र ने बताया कि पुस्तकालय को रुचिदायक बनाने के लिए बच्चों को कहानी, कविता सुनानी चाहिये। संभागी सुरेश बुंदेला ने सफलता का रहस्य व लघु कथा के माध्यम से प्रशिक्षण को सारगर्भित बनाया। डॉ. श्याम सुंदर कौशिक ने पुस्तकें हमे क्या बताती है, इसकी जानकारी दी और पाश्चात्य संस्कृति को छोड़ अपनी मूल संस्कृति को अपनाने पर बल दिया। मुकेश शर्मा ने प्रखर कार्यकम में पुस्तकालय बहुत मददगार है, इस पर विस्तृत चर्चा की।

संभागी तारा लक्ष्मी शर्मा ने भी विचार व्यक्त किए। प्रशिक्षण में आईएफएससी प्रभाग अध्यक्ष डॉ. विजयलक्ष्मी शेखावत ने शोध कार्यों के अध्ययन के बारे में बताया। सीएमडीई प्रभाग अध्यक्ष कुसुम शेखावत ने बताया कि विद्यालयों में ज्यादा से ज्यादा गतिविधि आधारित शिक्षण करवाया जाए। प्रशिक्षण में ओम कस्वां, सुभाष, प्रमोद दाधीच, लाजवंती सहित जिले के 40 संभागियों ने भाग लिया।

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट में पुस्तकालय में उपलब्ध साहित्य पर संवाद आधारित प्रशिक्षण का समापन हुआ।

## 'आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार कर रही है'

**राजलदेसर** (निसं)। कस्बे की श्री राजलदेसर गौशाला 77 वां गोपाष्टमी महोत्सव बड़े धूमधाम से मनाने जा रही है। वर्तमान में गौशाला में विभिन्न योजनाएं संचालित है साथ ही आत्मनिर्भर भारत का जो सपना है उस सपने को श्री राजलदेसर गौशाला साकार कर रही है जिसमें गौशाला को स्वावलंबन बनाने के लिए अनेकों योजनाएं गौशाला में संचालित है जिसमें गोबर गैस प्लांट, पंचगव्य उत्पाद, गो कास्ट, नेपियर घास, गोबर से दीपक, लक्ष्मी जी, गणेश जी महाराज की प्रतिमा, गोमूत्र, फिनाइल, धूपबत्ती आदि उत्पाद बनाए जा रहे हैं।

इसके अलावा वर्षा ऋतु में बरसाती पानी का संग्रहण कैसे हो इसके लिए दानदाता के सहयोग से 15 कुण्ड का निर्माण कराया गया है जिसमें लाखों लीटर बरसाती पानी संग्रहण होता है एवं गौ माता को शुद्ध पानी पिलाया जाता है साथ ही अगली बारिश से पूर्व अन्य कुंड का भी निर्माण कराया जाएगा एवं गौशाला के खेत में गौ माता को प्रतिवर्ष हरा चारा कैसे मिले इसके लिए तीन बडी डिग्गी बरसाती पानी संग्रहण हेतु बनाई गई है।

जिसमें लाखों लीटर पानी इकट्ठा होता है एवं नेपियर घास पेड़ पौधों में सिंचाई की जाती है। नेपियर घास वर्तमान में करीबन 12 फुट लंबी है जो कि साल के अंदर तीन बार कटाई की जाती है जो गौ माता को हरा चारा उपलब्ध कराया जाता है।

हरा चारा खाने से गौ माता तंदुरुस्त रहती है एवं दानदाता के सहयोग से 11000 पेड़ पौधे विभिन्न किस्म के लगाए गए हैं जो आज बड़े-बड़े हो चुके हैं एवं गौशाला में घायल गोवंश के लिए ट्रॉमा सेंटर भी बना हुआ है जिसमें चिकित्सकों द्वारा गौ माता की प्रतिदिन सेवा की जा रही है एवं दानदाता के सहयोग से गौ आवास गृह का भी निर्माण करवाया गया है

जो की चूरू जिले के अंदर सबसे बड़ा गौ आवास गृह है एवं गौ माता को प्रतिदिन पौष्टिक आहार के रूप में लावसी व दलिया का भोग प्रतिदिन लगाया जाता है साथ ही गोसंवर्धन के लिए भी गौशाला कार्य कर रही है एवं गौशाला में सभी गौ माता के लिए अलग-अलग बाड़े भी बनाए गए हैं जिसमें अलग-अलग नस्ल की गौ माता निवास करती है एवं गर्मी एवं सर्दी के मौसम को देखते हुए गौमाता के बचाव के लिए अलग-अलग सुविधा लगातार होती रहती हैं इसके अलावा गो सेवार्थ महिला कार्य समिति द्वारा हर अमावस्या पर गौशाला में कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है।

## भागवत कथा में 56 भोग की झांकी सजाई

**झुंझुनूं,** (निसं)। शहर के चूणा चौक स्थित आशीर्वाद पैलेस में छठे दिन बुधवार को श्रीमदभागवत कथा में व्यास पीठ से कथावाचक संतश्री हरिशरण जी महाराज ने कथा में गोवर्धन लीला में, श्रीकृष्ण ने ब्रजवासियों को इंद्र की पूजा छोडकर गोवर्धन पर्वत की पूजा करने का निर्देश दिया।

महाराज जी ने कहा कि बृजवासी इंद्र की पूजा करते थे। लेकिन श्रीकृष्ण ने उन्हें समझाया कि वर्षा और प्राकृतिक घटनाओं के लिए गोवर्धन पर्वत ही पूजनीय है। क्योंकि वह गोधन को पालता है और भगवान विष्णु का स्वरूप है। इस पर जब इंद्र ने क्रोध में भयानक वर्षा की, तो श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को अपनी उंगली पर उठा लिया और बृजवासियों को इंद्र के क्रोध से बचाया और बृजवासियों ने पर्वत के नीचे पनाह ली और इंद्र का अहंकार टूटा। बाद में, गोपियां और बृजवासियों ने श्रीकृष्ण के प्रति अपनी गहरी भक्ति और प्रेम व्यक्त किया। उद्धव-गोपी संवाद में संतश्री ने बताया कि उद्धव गोपियों को ज्ञान और निर्गुण ब्रह्म का उपदेश देते हैं। रास लीला भगवान कृष्ण और गोपियों के बीच प्रेम और दिव्य आनंद की अद्भुत और रहस्यमयी लीला है। यह भगवान कृष्ण और गोपियों के बीच प्रेम और आनंद की दिव्य लीला है, जो रात में वृंदावन में होती है। भगवान कृष्ण गोपियों के साथ नृत्य करते हैं। प्रत्येक गोपी को यह अनुभव होता है कि कृष्ण उसके साथ ही नृत्य कर रहे हैं।

# जी.एम. अमिताभ ने रतनगढ़ रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया

**रतनगढ़** (निसं)। उत्तर पश्चिम रेलवे के जनरल मैनेजर अमिताभ रतनगढ के दौरे पर रहे। जीएम अलसुबह स्पेशल ट्रेन से रतनगढ पहुंचे तथा करीब डेढ़ घंटे तक स्टेशन का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं के बारे में जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने दिव्यांग जन सुविधाएं, सर्कुलेटिंग एरिया, प्लेटफॉर्म, स्टेशन कक्ष, बुकिंग काउंटर आदि का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने डबल ट्रेक, चूरू व रतनगढ के बीच स्टेशन एवं उनके अंडर पास, रेलवे स्टेशन पर नवनिर्मित सुविधाओं, प्रवेश द्वार, पार्किंग, फूड कोड, केंटीन, वाटर कूलर जैसी कई सुविधाओं का बारीकी से निरीक्षण कर अधिकारियों को सुधार के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

- अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत हुए विकास कार्यों का निरीक्षण किया
- व्यवस्थाओं के सुधार को लेकर अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए

जीएम ने अमृत भारत योजना के अंतर्गत रतनगढ रेलवे स्टेशन के हो रहे नवनिर्माण कार्य में देरी पर भी नाराजगी जताई तथा मार्च 2026 तक इसे पूरा करने के निर्देश दिए। रतनगढ़ एवं सरदारशहर के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों एव पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां ने भी जीएम से मुलाकात की तथा इन्होंने रेल विस्तार के लिए जीएम को ज्ञापन सौंपे। रिणवां द्वारा सरदारशहर क्षेत्र के लोगों द्वारा खून से लिखे ज्ञापन भी जीएम को सुपुर्द कर सरदारशहर में रेल विस्तार की मांग की।

पत्रकारों से हुई वार्ता में जीएम ने कहा कि रतनगढ़ एक महत्वपूर्ण पूर्ण रेलवे स्टेशन है तथा आगामी समय में यहां ट्रेनों का काफी संचालन होगा।आपको बता दें कि अमृत भारत योजना के तहत करीब करीब 18 करोड की लागत से रतनगढ़ स्टेशन का पुनर्विकास कार्य हो रहा है। जिसमें स्टेशन का पुनर्विकास कार्य 96 प्रतिशत पूरा हो चुका है।

रेलवे स्टेशन पर फुट ओवरब्रिज का 77 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है।इस अवसर पर बीकानेर मंडल रेल प्रबंधक गौरव गोविल, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक भूपेश यादव, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी शैलेष चौधरी, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर विद्युत सामान्य आदित्य लेघा, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर संकेत एवं दूरसंचार रणसिंह गोदारा, मंडल सुरक्षा आयुक्त संजय पिसे, मंडल वाणिज्य प्रबंधक वीरेंद्र जोशी सहित रेलवे के अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

उत्तर पश्चिम रेलवे के जनरल मैनेजर अमिताभ ने रेलवे स्टेशन का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं के बारे में जायजा लिया।


**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

वरि. मंडल बिजली इंजीनियर / टीआरडी, उ. प. रेलवे बीकानेर, भारत के राष्ट्रपति के वास्ते व उनकी ओर से निम्